प्रेस नोट

दिनांक 08.07.2024

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

आज दिनाँक 08.04.2025 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, द्वारा जनपद के पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर सहित विभिन्न शाखाओं का गहन निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

इसी क्रम में पुलिस कार्यालय की प्रमुख शाखाओं जैसे आईजीआरएस (जन शिकायत निवारण प्रणाली), महिला सेल, कंप्यूटर शाखा, क्राइम ब्रांच, सोशल मीडिया सेल, वाचक कार्यालय, डीसीआरबी (जिला अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो), रिकार्ड रूम तथा क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया व कार्यालय में साफ-सफाई, अनुशासन, फाइलों और दस्तावेजों के रख-रखाव, अभिलेखों के अद्यतन स्थिति एवं कार्य प्रणाली की समीक्षा की गई।

तत्पश्चात कार्यालय की स्वच्छता, दक्षता और अनुशासन को प्राथमिकता दिये जाने तथा कार्यालयीन कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।